**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 29.07.2026** **समय : 1905**

1. विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से लोकसभा में लोक परीक्षा–अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक, 2026 पारित हुआ।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नशा मुक्त युवा अभियान का करेंगे शुभारंभ। एक करोड़ से अधिक युवाओं की भागीदारी के साथ शुरू होगा राष्ट्रव्यापी अभियान।
3. अंडमान निकोबार में विकास कार्यों की समीक्षा लेकर सांसद ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक से मुलाकात की।
4. द्वीप समूह के पात्र परिवारों से पंद्रह अगस्त से पहले आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील। पात्र परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए आयुष्मान कार्ड अभियान तेज हुआ।

<><><><><><><>

लोकसभा ने आज लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया। विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं में गड़बड़ी और अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। इसके तहत दोषियों को दस वर्ष तक के कारावास, दस करोड़ रुपये तक के जुर्माने तथा संपत्ति जब्त किए जाने का प्रावधान है। विधेयक में मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष त्वरित न्यायालयों के गठन तथा समयबद्ध जांच और सुनवाई का भी प्रावधान किया गया है। चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस संशोधन का उद्देश्य कानून को और अधिक प्रभावी बनाना तथा विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना है। वहीं, विपक्ष ने विधेयक पर कुछ आपत्तियां जताते हुए इसे अपर्याप्त बताया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नशा मुक्त युवा अभियान का शुभारंभ करेंगे। युवा कार्यक्रम और खेलमंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज कहा कि उद्घाटन समारोह में एक करोड़ से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। श्री मांडविया ने कहा कि प्रतिभागी, कार्यक्रम के दौरान जीवन में कभी भी नशा न करने की शपथ लेंगे। नशा मुक्त युवा अभियान 100 सप्ताह तक चलने वाला राष्ट्रव्यापी अभियान है।

<><><><><><><>

देशभर में आज गुरु पूर्णिमा मनाई जा रही है, जिसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस अवसर पर लोग अपने गुरुओं को याद करते हैं और उनके प्रति  कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद इसी अवसर पर अपना पहला उपदेश दिया था। भगवान बुद्ध बोधगया से सारनाथ की यात्रा पर गए थे और पूर्णिमा के दिन अपना उपदेश दिया था। इसलिए, बुद्ध के अनुयायी इस दिन उनकी पूजा करते हैं।

इस बीच, श्री विजयपुरम के चिन्मय मिशन में गुरू पूर्णिमा पर पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। चिन्मय मिशन के स्वामी सुद्धानन्द सरस्वती ने इस अवसर पर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में आज अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे औरराष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के बीच बैठकहुई। बैठक में प्रबंध निदेशक ने बताया कि कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिएजल्द ही एक बैठक आयोजित की जाएगी। निगम देशभर में सिविल इंजीनियरों की भर्ती कररहा है, जिसमें अंडमान और निकोबारद्वीप समूह भी शामिल है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार पुलिस ने फर्जी शेयर बाजार निवेश वेबसाइटों और एप्स से सावधान रहने की अपील की है। पुलिस ने बताया कि साइबर ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी विज्ञापन और डीपफेक वीडियो के जरिए लोगों को व्हाट्सऐप और टेलीग्राम के फर्जी ट्रेडिंग समूहों से जोड़ रहे हैं। ठग निवेश के नाम पर फर्जी ऐप डाउनलोड करवाकर लोगों से बड़ी रकम जमा कराते हैं और बाद में संपर्क बंद कर देते हैं। पुलिस ने ऐसे ऑनलाइन निवेश प्रस्तावों से सतर्क रहने और साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की अपील की है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्ड धारकों से पंद्रह अगस्त से पहले अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र परिवारों को देशभर के सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में उपचार के लिए प्रति वर्ष पाँच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाती है। पात्र लाभार्थी आयुष्मान ऐप, निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर, स्वास्थ्य केंद्र अथवा जी. बी. पंत अस्पताल स्थित आयुष्मान भारत हेल्प डेस्क के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान विधि महाविद्यालय में उपभोक्ता अधिकारों पर तीन महीने का निःशुल्क ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। यह पाठ्यक्रम देशभर में कार्यरत् एक उपभोक्ता हित संरक्षण संगठन के सहयोग से कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त न्यायाधीशों सहित सात विषय विशेषज्ञ ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे। उद्घाटन अवसर पर उपभोक्ता हित संरक्षण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पी. वी. वी. एस. मूर्ति ने विद्यार्थियों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता से सशक्तिकरण आता है। श्रृंखला का पहला व्याख्यान आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार वाई. रामाकृष्ण ने दिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर पी. वी. एन. शर्मा ने बताया कि निःशुल्क पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों को ई–प्रमाणपत्र दिया जाएगा। ऑनलाइन सत्र प्रत्येक शनिवार शाम या रविवार सुबह आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विषय विशेषज्ञों और अतिथि संकाय सदस्यों की सूची जारी कर दी है। उम्मीदवार कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से अस्थायी सूची डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को सूची पर कोई दावा या आपत्ति हो, तो वह 31 जुलाई की शाम साढ़े चार बजे तक कॉलेज के प्राचार्य कार्यालय या ई–मेल के माध्यम से भेज सकता है। इसके बाद विभिन्न विषयों के लिए विषय विशेषज्ञों और अतिथि संकाय सदस्यों के पैनल को अंतिम रूप दिया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा कार्यालय की ओर से आयोजित अंतर–विद्यालय उच्च प्राथमिक स्तरीय फुटबॉल नॉकआउट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले कल भातू बस्ती स्कूल मैदान में खेले गए। बालक वर्ग के फाइनल में कामराज स्कूल ने प्रातरापुर स्कूल को एक–शून्य गोल से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, बालिका वर्ग के फाइनल में स्कूल लाइन स्कूल ने भातू बस्ती स्कूल को दो–एक गोल से पराजित किया।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम स्थित जी. बी. पंत अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए जी. एन. एम. पाठ्यक्रम में प्रवेश के वास्ते काउंसलिंग चार अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग संस्थान के सभागार में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगी। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के समय अपने सभी मूल प्रमाणपत्र और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। भारतीय नर्सिंग परिषद के दिशा–निर्देशों के अनुसार, प्रवेश प्रक्रिया में विज्ञान वर्ग के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

<><><><><><><>